# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 04.04.2024**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना धौरहरा व थाना खमरिया का औचक निरीक्षण किया गया









आज दिनांक 04.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना धौरहरा व थाना खमरिया का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही महोदय द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना धौरहरा क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल मतदान केन्द्र सविलियन विद्यालय धौरहरा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा थाना निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थानों पर बनाये गए विभिन्न रजिस्टर्स का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा व प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया को स्थानीय लोगों से सतत संपर्क में रहकर समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई एवं चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा व प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

<u>**आगामी लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 के दृष्टिगत संयुक्त फुट पेट्रोलिंग भारत नेपाल सीमा थाना तिकुनिया जनपद खीरी**</u>
















आगामी लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु थाना तिकुनिया से सटे नेपाल बार्डर की खुली सीमा पर श्रीमान उप जिलाधिकारी निघासन, श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय निघासन, प्र0नि0 तिकुनिया द्वारा पर्याप्त पुलिस बल व एसएसबी बल तथा नेपाल पुलिस बल के साथ गुलरिया पत्थर शाह, दीपनगर, मरिया घाट, डॉक्टर घाट आदि भारत –नेपाल सीमा पर संयुक्त पेट्रोलिंग की गयी तथा सीमा पर बने बैरियर/चेकपोस्ट पर नियुक्त कर्मचारियो को आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध तस्करी , संदिग्ध वाहनो व व्यक्तियो की सघन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया ।

**थाना पसगवां पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर 01 नफर अभियुक्त सुनीत कुमार पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार किया गया**



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.04.2024 को थाना पसगवां पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त 1. सुनीत कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम सहिजना रामपुर बनवारी थाना पसगवां जनपद खीरी को मुखबिर की सूचना के आधार पर 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ कुमार जनसेवा केन्द्र निकट प्राइमरी स्कूल बहद ग्राम सहिजना रामपुर बनवारी थाना पसगवां जनपद खीरी से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त सुनीत कुमार उपरोक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 139/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । जिसका चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1.सुनीत कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम सहिजना रामपुर बनवारी थाना पसगवां जनपद खीरी

**बरामदगी**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1.उ0नि0 रनजीत सिंह यादव थाना पसगवां जनपद खीरी
2.का0 पवन कुमार थाना पसगवां जनपद खीरी

## थाना नीमगांव पुलिस द्वारा, 01 नफर वारंटी अभियुक्त नितिन पुत्र सन्तराम को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना नीमगांव पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त नितिन पुत्र सन्तराम निवासी ग्राम मदारपुर थाना नीमगांव जनपद खीरी को वाद सं0 965/18 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना नीमगांव जनपद खीरी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

नितिन पुत्र सन्तराम निवासी ग्राम मदारपुर थाना नीमगांव जनपद खीरी

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

1.व0उ0नि0 शशिकान्त दुबे थाना नीमगांव जनपद खीरी
2.का0 संजय कुमार थाना नीमगांव जनपद खीरी

**थाना निघासन पुलिस द्वारा,01 वारण्टी अभियुक्त विक्कर सिंह पुत्र दाता सिंह उर्फ सरदार सिंह को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना निघासन द्वारा वारण्टी अभियुक्त विक्कर सिंह पुत्र दाता सिंह उर्फ सरदार सिंह निवासी ग्राम गोविन्दपुर फार्म थाना निघासन जनपद खीरी सम्बन्धित वाद सं0 4262/23 व अ0स0 260/96 धारा 326/323/504 भादवि को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**
विक्कर सिंह पुत्र दाता सिंह उर्फ सरदार सिंह निवासी ग्राम गोविन्दपुर फार्म थाना निघासन जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**
1. उ0नि0 आदित्य कुमार यादव
2. का0 राहुल कुमार

## वांछित/वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही का विवरण

1-थाना फरधान पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 104/24 धारा 363/366/504/506 भादवि में वांछित 01 नफर अभियुक्त शिवाकान्त पुत्र रामचन्द्र निवासी थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 492 लीटर अवैध शराब बरामद कर 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **492 लीटर अवैध शराब** व **04 शराब भट्टी** बरामद कर **20 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **20 अभियोग** पंजीकृत किए गए।